

नेकीराम की चारपाईयां

• जगदीशचन्द्र पाडेय

ज्ञान भारती
4/14 रूप नगर
दिल्ली 110007
द्वारा प्रकाशित
•
संस्करण 1992
•
•
मूल्य 35.00
•
[illegible] प्रिंटर्स
नवीन शाहदरा दिल्ली 32
में मुद्रित

ISBN 81 85744 10-4

पूज्य पिताजी
की
स्मृति मे

क्रम

●●● दूरी

अफ्रीका एवेन्यू के जिस हिस्से पर हरित रहता है उस जगह से निखिल के क्वाटर की दूरी आज भी उतनी ही ह जितनी कि कल या तब, जब तीन साल पहले निखिल को भी यही क्वाटर एलाट हुआ था। वैसे भी जाने क्या अजीब बात थी कि जब से हरित ने होश सभाला, तभी से वह एक बात देखता था कि उसकी और निखिल की रिहाइश के बीच की दूरी कमोवेश एक-सी ही रही है। अलबत्ता उस सवा डेढ साल की बात और थी जब हरित नैनीताल म पढता था निखिल दिल्ली म नौकरी करने लगा था। शायद एसा इसलिए कि धरती के दो स्थाना के बीच की दूरी बिना हिमालयी परिवतन के घटती बढती नही है। हिमालयी परिवतन म ही समुद्र की जगह हिमालय का उभरना सभव है, वस नही। हरित इसी दूरी को देख अब तक कितना खुश रहता था। वह अक्सर सोचा करता था, यदि वह इधर रहता है तो निखिल इसी एवेन्यू के उस हिस्से पर, जहा दिल्ली की रिंग रोड इसे दूसर हिस्सा मे बाटती है। पर आज निकी की एक छोटी-सी बात ने हरित के मन मस्तिष्क को झकझोर डाला। निकी ने तो उसे यह तक अहसास करा दिया कि वह अब तक जिस भ्रम को पाले हुए था, वह बिल्कुल गलत था। निखिल और उसम मीलो और कोसो की दूरी है। तभी तो निकी की बात सुनत-सुनत वह झटके के साथ बालकनी पर आकर खडा हो आया। देखने लगा उसी ओर जिधर देख वह परेशानी के क्षणो मे भी राहत की सास लिया करता था। सामने वाली सडक की पल्ली ओर टाइप वन क्वाटरा के बीच चपरासियो के बच्चे इस समय भी खेल रह थे। अलबत्ता उनके बगलवाला

वह हिस्सा आज सूना पड़ा हुआ था जहां जमाने पहले सात आठ सौ झुग्गियां थीं। परेशानी के क्षणों में वह अक्सर यहीं पर खड़ा हो सामने देखा जा करता था।

हालांकि निकी ने पिता के दिल को दुखाने भर की दृष्टि से वह बात नहीं कही थी। पौने तीन साल का वह अभी इस काबिल हुआ ही कहां था। अभी तो उसका संसार ऐसा संसार था जिसमें अ आ इ ई या ए बी सी डी की ईंटों को जोड़कर आदमी के रहने लायक घर बनाया जा सकता था। उसकी मां ने उसे यही तो बताया था कि आज जिन घरों में तर गुड्डा-गुड़िया रहा करते हैं आनेवाले कल में वैसे ही घरों में तुम रहा करोगे। अजाब का अक्षरों की पहचान जो करानी थी। अलबत्ता खिड़की में दिखती रेलों को देखते देखते वह यह जान चुका था—खिलौने की रेल भी पटरी पर चला करती है। यही तो बात थी कि हरित ने जब उसे रेल पकड़ायी तब उसने वह डिब्बा भी मांगा जिसमें से उसे रेल दी गयी थी। यदि वह इतना ही करता तो हरित यही सोचता, बच्चे ऐसा किया ही करते हैं। उसने तो किया यह कि पहले तो डिब्बे का मुंह धरती की ओर किया ताकि उसमें बचा सामान नीचे गिर जाय पर जब नीचे कुछ नहीं गिरा तो डिब्बे के भीतर हाथ डालते हुए वह बोला, 'पापा रेल पथरी पर चलती है ना। इसकी पथरी।'

भला हरित इसका क्या जवाब देता। वह समझ भी गया था कि निकी ने ऐसा क्यों और किस कारण किया है। धरती में रेल पटरी पर ही तो चला करती है। वह तो पिता था जो निकी की जिद पर सामने ले जाकर उस पटरी पर चलती रेल को दिखा तक चुका था। यह दूसरी बात थी जब पटरी पर चलती रेल को दिखा वह सहम उठा था कि मौका पाकर कहीं यह रेल देखने उधर अकेले न आ जाय। तभी तो तब निकी को उसने सामने चौराहे पर बैठे रहनेवाले बाबा के बारे में अजीबो-गरीब बातें बतायी थीं कि वह ऐसा बाबा है जो बच्चों को पकड़कर भगा ले जाता है, जबकि तथ्य इसके ठीक विपरीत था। वह तो ऐसा बाबा था जिसे इलाके के लोग एक बेहद भले आदमी के रूप में जानते थे। पहले उसने झुग्गियों के बीच एक मंदिर बना रखा था। जबसे सामने की झुग्गियां हटायी गयीं

तब से अपनी मूनिया लिए वह इसी चौराहे पर पड़ा हुआ था। शुरू शुरू में लोगों ने उसे बहुतेरा समझाया—तुम भी, जहाँ झुग्गीवालों को बसाया गया है, वहीं बस लो। वह किसी की मानता ही नहीं था। पता नहीं, इस जगह पर रहकर वह अपनी जीवनसंगिनी की आखिरी यात्रा को याद करता था या उस अफ्रीका एवेन्यू के नाम से ही कोई विशेष प्रेम था या इस एवेन्यू के अफ्रीका एवेन्यू नाम को सार्थक करने के लिए यहाँ रहना वह जरूरी समझता था। वह यहाँ से किसी कीमत पर हटता नहीं था। उसके इसी बैठे रहने से हरित का यह लाभ हुआ कि निकी अब खिड़की से चलती रेल भी तब देखता था जब चौराहे पर बाबा न हो।

पर आज निकी की पटरीवाली बात को सुन हरित अंदर ही-अंदर हिल चुका था। इसलिए नहीं कि वह निकी के लिए पटरीवाली रेल खरीद नहीं सकता था वरन इसलिए कि निकी की पटरी ने उसे पिता की एक बात याद ताजा करा दी थी। एक बार उन्होंने उससे कहा था 'बेटा जिसकी रेल पटरी पर चला करती है उसका ऐसा ही हुआ करता है।' कहा तो तब उसने निखिल को भी वजीफा मिलने की बात पिता को इसलिए सुनायी थी कि उसे शाबाशी मिले। वहाँ उन्होंने उससे वह बात कह डाली जिससे खीजकर उसे कहना पड़ा था—जरा फर्स्ट आकर तो दिखाये। इसी पर उनके पिता ने उससे कहा था 'हरी, तुम इस बात को नहीं समझ सकते कि तीसरी पोजीशन आने पर दो के बदले तीन वजीफे क्या और कैसे दिए जाते हैं। इसीलिए तो कहता हूँ खूब मेहनत किया करो। वैसे फर्स्ट आना अच्छी बात है पर जिंदगी की दौड़ में फर्स्ट आना ही काफी नहीं हुआ करता है। उसके लिए दूसरी जरूरी बातें होती हैं। जिस दिन तुम उन बातों को समझोगे, उसी दिन तुम्हें पता चलेगा निखिल और तुममें कितनी दूरी है। उसकी रेल बेटा पहले ही पटरी पर '

तब से लेकर अब तक हरित इसी दूरी को पाटने में लगा हुआ था। उसकी तो किस्मत ने उसका पूरा साथ नहीं दिया वरना तो उसने निखिल को एक ही झटके में चारों खाने चित कर डाला था। इतने पर भी उसने जितना किया था, उतना भी अपने आप में कम नहीं था। दसवीं तक

आते-आत यदि निखिल के लिए दो ट्यूशन लग चुके थे तो हरित के पास रो-पीटकर फोस की किताबें भरी थी। हा, बुद्धि हरित की अपनी था। संभावित खतरे की कल्पना भर से उसने अपना एसा साथी खोज निकाला जिसके लिए जिद्दवाजी म तीन ट्यूशन लगाय गय थे। हरित न उसी जिद्द-वाजी का फायदा उठाया। सहपाठी नरी की बदौलत उसे अब तीन नोटस मिल आय थे। बदले म वह भी उसे मदद किया करता था। इतना ही उम्र म तथा ग्रामीण परिवेश क कारण वह इस बात को ताड गया था—उसके पिता और नरी के पिता म यदि नजदीकी है तो नरी के पिता का निखिल के परिवार भर से चिढ है।

ऊपर से हरित के स्वभाव की एक और खासियत यह थी कि यदि वह नरी के डीलडोल शरीर का लाभ उठा निखिल को पग-पग पर दबाय रहता था, तो खेला म झगडा हो जाने पर वह निखिल और नरी म बीच-बचाव करके निखिल का भी प्रस न रखा करता था। इस बार म हरित क लिए सबसे लाभप्रद बात यह भी थी कि गाव के बच्चा के खेलन का तप्पड उसी क घर के पास था। इसलिए भी उसका सवम रौब था। फिर पढन म वह बहुत होशियार था। यह उसकी इसी होशियारी का नतीजा था कि मट्रिक का जब रिजल्ट आया तो वह अपन स्कूल म नहीं आसपास क कई स्कूला मे सबसे अधिक नबरा से पास हुआ था। हालाकि निखिल भी फस्ट डिवीजन म पास हुआ। जहा तक नरी की बात थी वह तो हरी की बदौ-लत एसे सेकिड डिवीजन म पास हुआ जिसकी नरी और उसक पिता तक को उम्मीद न थी। हरित के द्वारा नरी को बताय गय गैस का जो असर था। हरित भाप जा चुका था—नरी की की गयी आज की मदद आग काम आयगी। उसके तो पिता की ब्रह्मवृत्ति वाली आमदनी इतनी कम थी कि बी० ए० एम० ए० करना उसके लिए सपना था। ऊपर से उसक पिता पर उसकी विधवा चाची और उसक दो बच्चा की जिम्मेदारी भी थी। वह तो उसकी मा ने जिद्द की वरना तो उसके पिता उस मट्रिक के बाद भी पढाना छुडा नौकरी करान की सोचन लग थ। इसीलिए माता-पिता की बाते सुन उसकी आखें मातवर पर थी।

मातवर की भी अपनी मजबूरी थी। पसा उसक पास था। पसा क

बल पर उसकी ख्वाइश थी कि वह अपने नरी को एम० ए० कराये। नरी से हरित भी एम० ए० करने की बातें सुना करता था। उसकी बातें सुनकर वह ऊपर दिखन वाली दूर्णागिरि पहाडी को देखता-देखता रह जाता था। उसन सुना जो था वहा एक देवी है जो सबकी मनोकामना पूरी करती है। जबकि अब दिन-पर दिन घर की हालत बिगडती चली आयी। इसीलिए कोई और उपाय न देख हरित न मन-ही मन नरी को अपना आधार मान लिया था। उसका यह आधार उस समय काम आया जब इटर म निखिल को फिर पछाडन पर भी हरित के बी० ए० मे दाखिला के लाले पड गये। हालांकि ऐसे क्षणा उसकी चाची न अपन जेवरा की पोटली हरित के पिता के सामन रखकर सबको स्तब्ध कर दिया। पता नही यह उसका हरित के पति प्यार था या यह भी उसकी सूप थी कि आगे चलकर यही उसके अपने बच्चा के काम आयगा। उसके इसी व्यवहार का इतना असर पडा कि हरित क पिता उसे पढन अल्मोडा भेजन के उपाय खाजने लगे। वहा उसकी बुआ जो थी। इन्ही उपायो के बीच उन्होंन बात मातवर से भी की। बस उसस जिक्र करना था कि वह तो फूला नही समाया। वह उनस तुरत बोला "दाज्यू नरी के लिए मैंन नैनीताल म कमरा ता लेना ही है। आपका हरी भी उसके साथ रह लगा। इतना मैं आपके बटे के लिए करू गा। जरूरत पडने पर और देखूगा। कौन जान आपके हरी की बदौलत मेरा नरी भी पढ ले।"

मातवर का यही सुझाव हरित के लिए वरदान साबित हो आया। एक कमरे के कारण नरी की किताबें भी उसे मिल आयी। ऊपर से एक बात और कि हरित भी वहा पढने लगा जहा निखिल पढ रहा था। यह अलग बात थी कि हरित को इतन पर भी यह उम्मीद नही थी कि वह नरी के साथ अधिक रह सकेगा। उसकी कई आदतें उसे पसद नही थी। पर ननीताल पहुचत ही स्थितिया एसी बदली कि नरी बदल आया। दाखिला नेन के दिन दोना को ऐसा लगा, जैसे पूरे क्लास म वे ही दो गवार है। निखिल की वजह से उनका साक्षात्कार निखिल की मौसी के लडके मुकेश से हुआ। उसके पिता बिडला स्कूल मे उच्च अधिकारी थे। इस नाते वह किसी को कुछ समझता ही नही था। पढने म वह होशियार

ता था ही। अंग्रेजी एमी फर्राटेदार जानता था कि नरी और हरित दानो उसका मुह ताकते रह जाते थे। वह बाकई मे नये जमाने का एक समझदार बच्चा था। फिर इस प्रकरण मे इस बात का भी कम महत्त्व नही था कि नरी का अपने पिता की दौलत का नाज था।

इसीलिए अब हरित और नरी की मुकेश से भी प्रतिस्पर्द्धा हो आयी। हालाकि उनके दाखिल के पिना मुकेश कमिस्ट्री म एम० एस-सी० कर रहा था प्रीविएस म था। पर उनकी प्रतिस्पर्द्धा अंग्रेजी के कारण हो आयी। इसीलिए अब नरी और हरित घर पर टूटी फूटी अंग्रेजी बोलने लग तथा आगे-पीछे देखकर नैनीताल की सड़कों पर। बेचारा को खतरा जो रहता था—यदि काई जानकार उनकी नालायकी की अंग्रेजी सुनेगा तो हँसेगा। नैनीताल तो भारत के उन शहरों म एक प्रमुख शहर था जहा के लोग अंग्रेजो के समय म आज से ज्यादे अंग्रेज बन आये थे। इसीलिए बेचारो का काम चलना कठिन हो आया। इसीलिए मजबूरी म वे अब धीरे धीरे अंग्रेजी की किताबें पढने लगे। इस बार म उनके अंग्रेजी के उस टीचर का भी कम असर नही था जो अंग्रेजी पढाते-पढाते अक्सर अस्तित्ववाद की व्याख्या करने लगता था। उसकी पूरी व्याख्याएं तो उनके पल्ले नही पडी उसकी बदौलत वे इतना अवश्य समझ गये कि वे अस्तित्ववादी युग मे जी रहे है। अस्तित्ववादी विचारधारा के अनुसार दूसरो को पीछे धकेलकर आगे बढना पाप नही है। अपने अस्तित्व को बनाये रखने के लिए जितना हिम्मत नही हारना और मेहनत करना जरूरी है उतना ही अंग्रेजी का जानना ।

नतीजा यह कि बी० ए० तक पहुचते-पहुचते नरी और हरित ने लाइब्रेरी से अंग्रेजी की ढेरो किताब पढ डाली। इस अध्ययन का उनको लाभ भी हुआ। अब वे भी अंग्रेजी बोलने म हिचकिचाते नही थे। अधिक अध्ययन होने के कारण उनकी नजरो म अंग्रेजो की अंग्रेजी और अपने लोगो की अंग्रेजी म फर्क साफ दिखने लगा। वह इसलिए कि मुकेश अंग्रेजी बोलते समय एसे नाक भौ सिकोडता था जैसे वह अपने गुलामो से बातें कर रहा हो। तभी तो हरित की यह धारणा बन आयी थी कि अंग्रेजी तो खतरनाक नही अलबत्ता अंग्रेजियत खतरनाक है। क्योकि अध्ययन करते-

करन अब वे यह अच्छी तरह जान चुके थे दुनिया म कोई भी भाषा भली-बुरी नही होती। भला-बुरा होता है आदमी—जो अपनी भाषा के जोश म दूसरा की भाषायी धरोहर को जलती आँख मे ऐसे राख देता है जैसे स्पनिश लोगो न दक्षिणी अमरिकी भाषायी धरोहर को आग को सौंपा था। इसीलिए इस तरह के अध्ययन का उन्ह यहा तक लाभ हुआ कि हरित तो अलग, नरी तक बी० ए० म फस्ट डिवीजन मे ऐसा पास हुआ कि नरी के पिता मालवर ने हरित का एम० ए० कराने की पूरी जिम्मदारी ल ली। यह अलग बात थी कि एम० ए० ज्वाइन करने के पाचवे ही महीने जब अचानक निखिल ने पढना छोडा और दिल्ली आकर नौकरी करन लगा तो वे दोना भी नौकरी की सोचन लग।

उधर अब निखिल क साथ-साथ मुकेश की भी नौकरी ट्रावे म लग गयी थी। विश्वविद्यालय के उसन पिछले पचीस वर्षों क रिकार्डों का भी तोडा था। इसमे भी बडी बात उसक पक्ष मे यह थी कि बडे बाप का बेटा तो था ही साथ म एक सीनियर आई० ए० एस० का साला भी था। जबकि हरित और नरी दोना अभी नैनीताल म ही थे। इसीलिए अब उनक लिए वही नैनीताल सूना हो आया था जो कभी उन्हे लुभावना लगता था। अब तो उनक लिए केवल उस सडक का महत्त्व था जो दिल्ली को आती थी। तभी तो अब वे दिल्ली को आनेवाली बस को तरसती निगाहा मे देखते थे। यह दूसरी बात थी कि दिल्ली को आनेवाली सडका न उनके लिए नयी समस्या पैदा कर दी। रही-सही कसर उन्हे मिली इस सूचना न पूरी कर दी कि निखिल की नौकरी टक्निकल असिस्टट की लगी है। उनक लिए अब यह प्रश्न था आखिर स जेन्ट तो उसके भी वही थे जो उन दोना के पास थे। तब उसने ऐसी कौन-सी महारत हासिल की जो उसकी यह नौकरी लगी। बचारा को अभी इस असलियत का पता कहा था कि वे उस समान अवसरा वाल युग म जी रहे ह जिसमे एक बी० ए० इटरव्यू लेता है एक इटरव्यू देता है और तीसरा चपरासी की भी नौकरी को तरसता है। बचार तो अभी उन्ही किताबी अध्ययन म थे जिनके अनुसार सदिया से दिल्ली पहुचन के अब तक नय और नय ही रास्त बनत रहे हैं।

अब वे दोनों भी ऐसा ही एक नया रास्ता खोजने की सोचने लगे। नरी का सुझाव था—सीधे सेवा आयोग से असिस्टेंट ग्रेड की परीक्षाएं पास करके दिल्ली जाया जाय। हरित का सुझाव था—परीक्षा तो असिस्टेंट ग्रेड की भी दी जाय, पर मुख्य जोर आई० ए० एस० परीक्षा पर दिया जाय। उसकी नजरों में सबसे अच्छी नौकरी यही थी वह चाहता था आई० ए० एस० बनकर निखिल को यह जतला दे कि दुनिया में समझदार वे नहीं होते हैं जो दूसरों की पीठ के सहारे से चली बन्दूक के बल पर खड़े हों। समझदार वे होते हैं जो अपना रास्ता खुद बनायें। बेचारे को अभी तक इस बात का भी कहां पता था कि तोड़तोड़ मेहनत करके परीक्षा तो पास की जा सकती है पर आई० ए० एस० परिवार में नहीं होने के कारण इंटरव्यू के उन निर्णायकों की आंखों में धूल नहीं झोंकी जा सकती जिनकी दृष्टि में आज का सारा ब्रह्मांड उनके और उनके रिश्तेदारों पर ही टिका हुआ है। यही तो बात थी कि हरित और नरी दोनों ही आई० ए० एस० की रिटन परीक्षा में पास होते हुए भी आई० ए० एस० नहीं बन सके हों, दोनों अवश्य ही असिस्टेंट ग्रेड में पास हो आये थे।

यह बात अलग थी कि नरी ने असिस्टेंटी ज्वाइन नहीं की। उसके पिता का सपना एम० ए० था। पिता और छोटे बेटे के अरमानों की दूरी की जो बात थी हरित के लिए असिस्टेंट की नौकरी भी कम नहीं थी। एक तो पारिवारिक स्थिति का सवाल दूसरा अब वह इतना तो समझ ही गया था कि ऐसे परिवेश में नौकरी मिलना मामूली नहीं जिसमें नौकरी के लिए तो सैकड़ों बी० ए० एम० ए० मैं, मैं कर रहे हों पर नौकरी नहीं हो ही। फिर इस बारे में एक खास बात यह भी रही कि कई जानकारों ने हरित को यह बताया कि असिस्टेंट की नौकरी के सामने टैक्निकल असिस्टेंट की नौकरी कुछ नहीं है।

इसीलिए वह मारे खुशी के दिल्ली चला आया। यहां आकर उसकी खुशी क्षण प्रतिक्षण बढ़ती ही चली गयी थी। निखिल को मिलता वेतनमान उसके वेतनमान से कम था। काम भी उन दिनों का समान था। और तो और कुलीग की बदौलत किराये पर हरित को जो कमरा मिला उससे निखिल के कमरे की दूरी उनके गांव के घरों से कम थी। हरित यदि शुरू-

शुरु मे सरोजिनी नगर मे होशियार सिंह रोड म रहता था तो निखिल नेताजी नगर रहता था। निखिल के क्वाटर के लिए चपरासिया के छोटे क्वाटरो से जाना पडता था। ऊपर से निखिल के घर के पास अनगिनत इतनी झुग्गिया थी कि निखिल को वहा रहना ऐसा लगता था जैसे वह अफ्रीका के किसी देश म रह रहा है। उसने हरित से ये बातें कई बार कही थी, फिर रही-सही कसर इसलिए पूरी हो आयी कि दिल्ली मे पाव रखने के महीने भर के अदर हरित को यह पता लगा, जिस तरह मे परीक्षा देकर वह असिस्टेंट बना, उसी तरह वह परीक्षा देकर आफिसर भी बन सकता है।

इसीलिए वह दिल्ली आने के ही साथ पूरी तरह से आफिसर ग्रेड की परीक्षा की तैयारी मे जुट गया। उसके लिए अब निखिल को दी पछाड को बनाये रखने का प्रश्न जो खडा हो आया। धीरे-धीरे वह यह भी जान गया था कि असिस्टेंटी से ज्यादा प्रमोशन टकिनकल लाइन म हुआ करती है। नतीजा यह कि अब उसका ससार दफ्तर व अपने कमरे म सिमट आया था। होटल तो वह खाने की ही मजबूरी मे जाता था। हर क्षण हर पल पढता रहता था। शायद उसके भाग्य म पढना ही था। इस बारे मे भाग्य ने भी उसका साथ दिया। पहल तो उसे कमरा ऐसा मिला जिसके मालिक ने उससे दूसरा कमरा ढूढने को नहीं कहा। दूसरे एक बार एक अफसर की बदौलत वह मिनिस्टर के साथ क्या लगा कि उसके मकान की समस्या हमेशा हमेशा के लिए निपट गयी। बल्कि उससे तो यहा तक पूछा गया— वह क्वाटर कहा चाहता है। तभी तो उसे अपना क्वाटर यहा मिला जहा से उसकी दिल्ली की जिंदगी शुरू हुई थी। अलबत्ता जब उसे क्वाटर मिला तब मे आसपास के माहौल म अतर यह हो आया था कि झुग्गिया अब हट गयी थी। झुग्गियो के बदले अब उस जगह पर सरोजिनी नगर और चाणक्य पुरी को जोडने वाला अडर ग्राउड पुल बन आया था। चाणक्यपुरी बडे अफसरा की जो नगरी थी। उस ओर देखकर वह भी अफसर बनने क सपने लिया करता था।

चाणक्यपुरी को उसका यही देखना उसके लिए वरदान साबित हुआ। उसकी खुशी का उस क्षण पारावार नही था जब पिता को अपने अफसर

बनने की सूचना देने का उस सुअवसर मिला। अफसर की सीट पर बैठने वाले दिन वह फूला नहीं समाया था। इसी खुशी में तो उसने पिता को लिखा था, 'पूजनीय पिताजी आज मुझे अपने अंग्रेजी के लेक्चरर की कई बातें याद आ रही हैं। वे अक्सर कहा करते थे, यह ठीक है कि आज के संत्रास में आदमी हर क्षण हर पल यह महसूस करता है जैसे उसका दम अब घुटा तब घुटा। पर यदि वह हिम्मत न हारे तो वह क्या नहीं कर सकता है। मुझे खुशी है कि मैं आज उन्हीं लेक्चरर की बदौलत निखिल से पहले अफसर बन आया हूं। आज मैं आपका और मातवर चाचा का आशीर्वाद चाहता हूं।

पर उसका यही पत्र उनके लिए प्रश्नों का अंबार बन आया। उसे क्या पता था उसके पत्र के उत्तर में उसके पिता ऐसी बात लिखेंगे जिन्हें पढ़कर वह हिल जायगा। उन्होंने लिखा था

"तुम्हारा पत्र पढ़कर अत्यंत खुशी हुई है। मातवर भी खुश है। पर पिता के नाते मैं आज तुमसे एक-दो बातें कहना जरूरी समझता हूं। मैं आज तुम्हें वह बात भी बताना चाहता हूं जिसे मैं अब तक तुमसे छिपाये हुए था। मुझे खतरा जो हो आया है कि तुम निरर्थक के भ्रम पालकर आगे दुखी होओगे। तुम अभी भी आदमी और आदमी के बीच की दूरी को दूरी समझे हुए हो, जबकि यह सत्य नहीं है। धरती में दो तरह की दूरियां हुआ करती हैं। एक वह जो एक स्थान से दूसरे स्थान के बीच की दूरी की तरह दिखायी दे। दूसरी वह जो हो तो अवश्य पर दिखायी न दे। आदमी और आदमी के बीच यही न दिखने वाली दूरी हुआ करती है। आदमी यही पर भूल करता है। वह दिखनेवाली दूरी के भ्रम में यह तक समझता नहीं है कि जिस दौरान वह आगे बढ़े हुए आदमी तक की दूरी को पाटने की कोशिश करता है उस दौरान आगे बढ़ा हुआ आदमी भी तो आगे बढ़ेगा। फिर विकास में तो गति और भी उल्टी हो जाती है। अब तुम्हीं सोचो बस में सफर करने वाले के लिए जो दूरी दिनों की है वही रेल और हवाई जहाज के लिए घंटों और मिनटों की दूरी है या नहीं?

अगर तूने अपने अफसर बनने भर की बात लिखी होती तो बात और थी। तूने जो निखिल की बात लिखी है। वह मेरी समझ में नहीं आती।

उसके दोनों भाई अच्छी नौकरियों पर हैं। माता पिता की भी उस पर और उसके भाइयों पर जिम्मेवारी नहीं है, जबकि तेरी ओर हम आठ मुंह देखने वाले हैं। फिर मैं यह भी समझ नहीं पा रहा हूं कि तू हिम्मत किसे मानता है। अगर तेरे को नरी का साथ या उसकी किताबें और कमरा नहीं मिलता तो क्या तू ऐसा लिखने लायक बन पाता? बेटा, हिम्मत की दौड़ वहां से शुरू होती है जहां जिंदा रहने लायक आदमी के पेट में हो। वहां नहीं, जहां आंत भूख से सिकुड़ रही हो वहां नहीं, जहां बुद्धि तो हो, पर पढ़ने को किताबें नहीं हों। बेटा, मैं आज तेरे से अपने दिल की बातें कह रहा हूं। जिस तरह से आज निखिल की तू बातें कर रहा है इसी तरह मैं भी जमाने पहले निखिल के पिता से टक्कर लेने की सोचता था। यह मेरे इसी सोच का नतीजा था कि पिता और माता की मृत्यु के बाद कोई और उपाय न देख मैं भूखा प्यासा बनारस पहुंचा था। मैंने सुना था गरीब बनारस में पढ़ सकते हैं। मुझे पता नहीं था कि बनारस पढ़कर गरीब वेदपाठी तो बन सकते हैं, पर वह ज्ञानी नहीं जिसे आज की धरती ज्ञानी मानती है। आज का युग वह नहीं है, जिसमें मछुआरिन का बेटा वेदव्यास बना था। आज तो हम उस युग से भी कोसों आगे निकल आये हैं जिसमें द्रोणाचार्य के पुत्र अश्वत्थामा को दूध के बदले आटे मिले पानी को दूध समझकर पीना पड़ा था। इतिहास कहता है कि महाभारत का काल भारतीय इतिहास का स्वर्णयुग था। बेटे, इतिहास में स्वर्णयुग ऐसे ही हुआ करते हैं जब राजपुत्रों को युद्ध विद्या सिखाने वाला अपने बेटे के लिए दूध तक खरीद नहीं सकता तो वह स्वर्णयुग कैसा? बेटे, एकलव्य का तो अंगूठा महाभारत में ही कट गया था, मेरे और तेरे सपनों की बात ही और है। हां, बनारस का मुझ पर यह असर अवश्य था कि मैं दूसरों को ब्रह्म का झूठा भय दिखाकर तेरे लिए कापी किताबें बटोर सकता था। पर मैं जब भी ऐसा करने की सोचता तब मेरी आंखों के सामने मेरी मां का वह चेहरा खिंच आता था जो गोबर की डलिया लिये या ठोकर खाकर मरी थी। तब मेरा सोच था कि मेरी मां को उस पत्थर ने मारा था जिससे ठोकर खाकर वह गिरी थी। आज मैं अहसास करता हूं कि मेरी मां पत्थर से ठोकर खाकर नहीं मरी थी। मरी थी इसलिए कि उसने घर पर बचे आटे की

आखिरी राटी तीसरी रात स्वय न खाकर मुझे दी थी। इसलिए बटा, तर पत्र व कारण आज मैं समय नही पा रहा हू कि हिम्मत तरी और मेरी है या उसकी, जिसन तीन राता की भूखी आता के वावजूद गोबर की डलिया मेरे कारण उठायी थी। इसलिए बेटा, दूसरा को ग्रहा का डर दिखान की सोचने के ही क्षण मेरे सामन प्रश्न खडा हो आता था कि यदि एसा डर कोई पडित मेरी मा का दिखाता तो मेरी मा क्या करती? बटा, धरती म ग्रह भी उसी के शात होन है जिसके पास दान करने को होता ह उसक नही जिसके पास देन को कुछ नही एसा की तो पूजा—पत्थर के आग आसू बहाना भर हुआ करती है। इसलिए बेटा, वस तो तेरी मर्जी, पर मेरी तेरे को सलाह है कि ऐसे भ्रमा का पालना छोड, अब तू आगे की बातें सोच। दुनिया अब हमसे कहन लगी है कि अपन और छोटा के पीछे तरी शादी नहीं कर रहा हू ”

सचमुच यही वह पत्र था जिस उसन एक बार नहीं दजनो बार पढा। हर बार वह और भी उलझ जाता था। कई बार तो उसे ऐस लगता था जसे उसके भाई-बहन किताबा के लिए रो रहे ह। कई बार लगता था कि उसके भाई-बहन भूखे पट सो रहे हैं। कई बार लगता था, गाव के लोग आपस म बातें कर रह है—थोडे दिनो की बात है, शादी होत ही थाडे भेजेगा वह इनको एसे पैसे। इसलिए वह घर को अधिक-से-अधिक पैसा भेजता। सोचता रहता चाह उस कुवारा ही रहना पडे पर अपने भाई-बहना को अधिक-से-अधिक पढायगा। उधर अब उसके पिता थे कि सुझाये सारे रिश्ता को उसके द्वारा मना करने मे घबरा आये। उन्ह तो उल्टा उस पर यह शक हो गया कि कही यह रिश्ता से बाहर तो शादी करने की नही सोचे हुए है। इसीलिए अब वे परेशान हो उठे। यह भी उनकी इसी परेशानी का नतीजा था कि उसके खान का बहाना ले उसके पिता उसके पास उसकी चाची को छोड गये। अपनी मा से ज्यादा वह चाची की बातें जो माना करता था।

चाची के इसी आने ने सचमुच ही कमाल का काम कर दिखाया। कहा तो हरित शादी को किसी कीमत पर तैयार नहीं होता था कहा वही चाची मे बोला ‘ अच्छा, यदि तुम मेरी शादी करना ही चाहती हो ता

फ्ला स करा। वह भी ऐसी लडकी से जहा स दहेज मिलने की कोई उम्मीद ही न हो।" जबकि उसकी कार्यालियत दख कई ऐसे उसे अपनी लडकी दना चाहत थे जो उसे सोने से मढ दें। और तो और, मुकेश के जीजा जी न तक अपनी लडकी के लिए उसे सकेत दिया था। उन जसे सीनियर आई०ए०एस० का दामाद बनना भर उसके लिए काफी था। पर तब हा यह आया कि चाची क आन पर कई रिश्तदार आने शुरू हो जाय। एक इतवार उसकी चाची की चचेरी बहन भी उनके यहा आयी, उसके साथ उसकी बिटिया रेखा थी। तब एकाएक उसन रखा को क्या दखा कि उसे तो लगा जसे रेखा उसकी युग युगा से प्रतीक्षा कर रही है। ऊपर से बडी बात यह हो आयी कि उसन नोट किया कि चाची की बहन बीच-बीच म उस तरसती निगाहा से दख रही है। उसे दखत समय अक्सर उनकी पलकें डबडबा आती है, बल्कि इसी बीच एक बार तो यहा तक हो आया कि उसे दखत समय उनकी डब-डबायी पलका स उछलकर एक आसू उनके बायें गाल स लुढकता उनके परल म एसा गिरा कि उसन तो हरित का बचैन ही कर दिया।

उनके जाने पर हरित न चाची स कहा था 'चाची, तुम्हारी बहन बहुत दुखी मालूम हाती है "

"दुखी हो कसे नही? अब तो दो साल पहल इनक माथे का सिंदूर पुछ आया। दूसर, इनकी दो जवान बटिया और दो छाट लडके ह। वह ता पति की जगह इनको नौकरी मिल गयी, वरना ता जान '

'तब ता इनका दुखी हाना स्वाभाविक है।' अब हरित न भी चाची को परखना शुरू किया था। मगर तभी उनकी चाची बीच म ही बाली, "वसे वह जिस मतलब म आयी थी मैं समझती हू। पर अच्छा ही हुआ, बाली कुछ नही। एसी ही रह गयी क्या हमार हरी क लिए "

तभी तो हरित अवाक्-सा चाची को दखता-दखता रह गया था। उसके अनुसार एक विधवा को दूसरी विधवा से हमदर्दी होनी चाहिए थी, जबकि यहा मामला ही अजीब हो आया था। चाची का वाक्य 'ऐसी ही रह गयी है क्या हमारे हरी के लिए' उस बहुत अखरा था। बल्कि चाची क इस वाक्य ने ता उसे उन कई रिश्ता की याद करा दी थी जिनम मुकेश के आई० ए० एस० जीजा की लडकी का रिश्ता तक शामिल था। दूसरी ओर चाची की

बहन की आंख में लुढ़का वह आंसू था जिसने उसे एक तरह से हिला सा दिया था। तभी तो उस क्षण यह स्थिति हो आयी कि हरित का बार-बार चाची की बहन की आंख में लुढ़कता आंसू जहां दिख रहा था, वहीं धीरे धीरे तो उसे यहां तक लगने लगा जैसे स्वयं रुचा उससे कहने लगी हो—तुम वही हो न जो अब तक अपने और निखिल के बीच की दूरी को खत्म करने की बातें किया करते थे। अब दिख रही है न तुम्हें आदमी और आदमी के बीच की दूरी ! मुझ से जीजा या उस जैसे लोग तुम्हें माता और चाची ही नहीं, ऐसी तरक्कियां दिला सकते हैं जिसमें तुम कइयों को निखिल जैसी नौकरियों पर रख सकते हो। मेरी मां तुम्हें आशीर्वाद के अलावा क्या दे सकती है ? मेरी मां के पास देने को ही कुछ होता तो मैं बदसूरत होते हुए भी खूबसूरत मानी जाती, जबकि मैं आज खूबसूरत होते हुए बदसूरत हूं। दुनिया में लड़की और लड़का या आदमी और आदमी के बीच की दूरी सिक्कों के उछाल भर से नापी जाती है बल्कि सिक्कों का इन्हीं उछालों के बल पर तो आदमी युग-युगों से धरती में आये दिन खूबसूरतियों की इंसानी और इंसानियती दूरी को नापता-नापता आ रहा है। बोलो, खूबसूरतियां धरती के हाटों में आये दिन बिकती नहीं हैं ? जहां तक धरती के दिल और दिलों की बात है। धरती के दिलों ने धरती के दूसरे दिलों की धड़कनों को समझने की कभी कोशिश की है, अगर धरती ने दिल धरती के दूसरे दिल को समझने की कोशिश करते तो क्या सती को भरी सभा में अपमानित होकर यज्ञकुंड में कूदना पड़ता ? शादी हो जाने भर से क्या धरती की बिटियाओं के मन में माता पिता की यादें मर जाती हैं। कैसी अजीब है फेरे होने से पहले और फेरे लगने के बाद के बीच के फासले की यह दुनियावी दूरी ? सती का यही गुनाह था न कि वह फेरे लगने के बाद बिना बुलाये पिता के यज्ञ में शरीक हुई थी। उसका यही गुनाह था न कि उसने विभूति वाले को वरण किया था। विभूति वाला कहकर दूसरे को अपमानित करना सरल है पर उस जहर को पीना सरल नहीं जिसने समुद्र-मंथन में निकले नाना रत्नों की खुशी को गमी में बदल डाला था। किसने पिया था समुद्र मंथन में निकला वह जहर जो पूरी धरती को भस्मीभूत करने के लिए काफी था ? उसी ने पीया था न, जिसे दुनिया ने

विभूतिवाला कहकर अपमानित किया था। मिथ्या अस्तित्व की रक्षा स्वयं अमृत पान या अपना-अपना भर का अमृत बाटने में नहीं हुआ करती है। अस्तित्व की रक्षा हुआ करती है दूसरा के लिए जहर पीने में। बोलो क्या मुझे अपनाकर पीओगे तुम जहर ? मैं पार्वती की तरह तपस्या तो नहीं कर सकती, इतना अवश्य विश्वास दिला सकती हूं, यदि तुम मुझे अपनाआग तो और चाह मैं कुछ कर सकूं या नहीं मैं यह कभी नहीं भूल पाऊंगी कि जिस तरह से मेरे भाई-बहन नग्न-अर्द्ध नग्न हैं उसी तरह तुम्हारे भाई-बहन भी

'क्या रे, क्या रेखा पसंद है तुझे ?" इस बार चाची ने हरित की मानसिकता को झकझोरा था। तभी तो पहले तो वह ठगा-ठगा-सा चाची को देखता देखता रह गया था। फिर एक अजीब सी मानसिकता के साथ बोला था, हां चाची ! अगर तुम मेरी शादी करना ही चाहती हो तो

आज निर्की री पटरीवाली बात ने हरित को इन्हीं यादों की याद करा दिया था। उसकी तो इन यादों में वे यादें तक शामिल थीं जब रेखा से फेरे होते समय निखिल मुस्कराया था। स्पष्ट था कि निखिल उससे मक्ता ही मक्ता में कह गया था—आखिर अपनी ही जैसी जगह हो रही है न शादी। मुकुल के जीजा की लड़की से शादी न करने का भी तो अपना प्रभाव था। यह भी इस प्रभाव का असर था कि हरित के बड़े अधिकारियों ने शादी के बाद ही उसे परेशान करना शुरू कर दिया था। वह तो हरित को रेखा ने अपने स्वभाव की रेखाओं में सभाल लिया, वरना तो उसकी गृहस्थी एक तरह से चौपट होने को हो आयी थी। एक तो दफ्तर की परेशानी, दूसरा वह किसी को हाथ फैलाते देखता तो घंटों यही सोचता रह जाता था—आखिर धरती का यह विधान क्या है, जिसके तहत आदि काल से यही सब होता चला आ रहा है ? क्योंकि पिछले पांच छः वर्षों में निखिल न सिर्फ आउट आफ टर्न क्वाटर ले चुका था, वरन् दो प्रमोशन लेकर उसे काफी पीछे छोड़ चुका था। हालांकि अंडर सेक्रेटरी के पैनल में उसका भी नाम था। निखिल के पीछे मुकुल के आई० ए० एस० जीजा जो थे। उनकी बदौलत मुकुल इन दिनों महान वैज्ञानिक बनकर अमेरिका में था। वहीं से तो

उसने फॉरेन मेड पटरीवाली रेल निखिल के बर्थडे के लिए प्रजेंट भेजी थी। उसी को तो देख निक्की ने पटरीवाली रेल की बात हरित से कही थी। बेचारे को क्या पता था कि उसका पिता अंडर सेक्रेटरी बनने की ऐसी प्रतीक्षा कर रहा है, जैसे मिट्टी के तेल या डालडा की लाइनों में लोगों को खड़ा होना पड़ता है। वह तो रेखा नौकरी करती थी वरना तो शायद उनके खाने तक के लाले पड़ सकते थे। हरित के चार भाई इन दिनों कॉलेज में पढ़ रहे थे। ऊपर से हरित को साले और सालियों की भी तो मदद करनी पड़ती थी। हालांकि इस सबके बावजूद वह खुश रहा करता था। उसे विश्वास था कि निखिल को फिर जो पछाड़ेगा। पर निक्की की बात ने आज उसे पूरी तरह हिला दिया था। आज तो उस चौराहेवाले वह बाबा तक राहत नहीं दिला पा रहा था जिसके अर्द्ध नग्न रूप को देख वह अपने को अफ्रीकियों के बीच सा पा राहत की सांस लिया करता था। शायद इसके पीछे सामने की उस रोड का असर था जो उसके क्वाटर के पास से शुरू-सी हो एशिया पालिटक्निक के एक सिरे पर खत्म होती थी। निक्की की बात ने आज उस उस पुरानी याद को भी ताजा करा दिया था जब उसने और उसके गांव के कई लोगों ने निखिल के लिए लायी गयी खिलौना रेल को सबसे पहले देखा था। गांव की एक बुढ़िया ने तो तब उसे ही सचमुच की रेल समझा था। उसने तब भी अवश्य यह सोचा था रेल सी ऐसी ही होगी पर इसकी पटरियां कैसी होंगी? जबकि अब वह सारी बातों को देख और समझ चुका था। क्योंकि कई दिनों से दनिक खर्च बचाकर भी आज पटरीवाली रेल के लायक उसके पास पैसे नहीं थे

चालमारी माड की चुगी चौकी ! इस समय वहा किशोर, उनके पिता व उनके सामान लाने वाले दमदा के अलावा कोई और नही था। होता भी कैसे ? इस समय कुमाऊ रेजीमेंट के सिपाही चालमारी पर फायरिंग का अभ्यास तो कर नही रहे थे, जो वहा आगे बढने वाले हर व्यक्ति व वाहन को बलात वहा रुकना पडता। और न इस समय ऐसा समय था कि आने वालों को लेने व जाने वालों को छोडनेवाले लोग जो लगभग हमेशा ही वहा होते थे, इस समय जमा रहते। इस समय तो चौकी पर चौकीसा

घट की सख्त ड [illegible] बहती दिसबरी ठड से

अपने को बचात [illegible]

पूरा विश्वास ह [illegible]

ट्रक आ सकती [illegible]

कोई आदमी ह [illegible]

आत्मा तो न [illegible]

मरे !

कि यही चिन्ता शायद निर्मल को इसमें भी शर्मा पा रहा था और नाराज न हो जायें। पर रमेश भाई उन्होंने ऐसा कुछ नहीं किया, बल्कि इतना भर कहा, 'मधिया इसमें तो काम नहीं चलेगा। जा नीमा निकालने के लिए छिन चीड़ की गर्पच्चियाँ काट ले आ।"

रमदा एकाएक ही झटके से खाट से उठे तेज कदमों से सड़क के बायें उस ओर चले जिधर दायीं ओर की झाड़ियाँ को अगल बगल चीड़ ही चीड़ के पेड़ थे। शायद तजुर्बेदार मलाह उन्हें जचो थी।

"क्या अभी तो कौन जल्दी है कहने ?" रमदा अब आगे मैंप रहे थे। प्रश्न भरी आशा से किशोर के पिता को देख रहे थे। चादर अब उन्होंने किशोर के ट्रंक के ऊपर रख दी थी। दोनों की खिटखिटाहट अब उनकी थम गयी थी।

मगर किशोर के पिता थे कि उनकी बात का उत्तर देने के बदले तीखी निगाहों से केवल किशोर को देखते थे। शायद उन्हें इस बात की चिंता थी कि यदि अभी रानीखेत से उनकी ही बस आ जाय तो कहीं निकली चादर यहीं छूट न जाय ? किशोर पिता के चेहरे पर उभरते इन विचारों को ताड़ गया, फिर उसने तीखी नजरों से एक बार चादर को देखा, तो अगले ही क्षण देखा रमदा की ओर। वह भी उसे ही देख रहे थे। शायद उनके इन भावों को वह भी ताड़ गये थे। नैसर्गिक भाव विभावों को ताड़ने के लिए विश्वविद्यालयीय डिग्रियों का होना तो आवश्यक नहीं। रमदा बोले, किशोर चादर ट्रंक में रख ले, कहीं '

किशोर ने चादर सम्भाल ली। उसके पिता सतोष की सांस लेते बीड़ी पी रहे थे और देखते रहे रमदा की ओर।

झुटपुटे से अब दिन में बदलना शुरू हो आया था। चौकी के टौल मुहर्रिर भी अब लम्प जला बिस्तर पर लेटे-लेटे रहा था।

बीच की जगह से अंदर सिगरेट पीता वह साफ दिख रहा था। एक बार टौल मुहर्रिर ने भी देखा—बाहर जलती आग व उन तीनों की ओर। फिर उनकी उपेक्षा-सा करता वह सिगरेट की चुस्कियां कुछ ऐसे भरने लगा, जैसे उसने अपने अनुभवों के बल पर अंदाजा लगा लिया था कि आसपास के गांव से कोई, दिल्ली व बरेली जाने वाली साढ़े छः बजे की बस पकड़ने के लालच में जरा जल्दी पहुंच गये होंगे।

किशोर को दिल्ली वाली ही बस पकड़नी थी। अगले दिन उसे दफ्तर पहुंचना था। पहले की जमी बात होती तो रेल में जाकर दूसरे दिन बारह बजे तक वह दफ्तर जा सकता था मगर इस इमरजेंसी में तो नहीं, क्योंकि एक महीने पहले पांच-सात मिनट की ही देर होने पर आधे दिन की वह छुट्टी पर रह चुका था जो कि अब संभव नहीं था क्योंकि इस बार लेट होने पर उसे तीन दिन की छुट्टियों के कटने का खतरा जो था।

भला सोमवार के दिन छुट्टी होने पर दूसरे शनिवार व इतवार की सरकारी छुट्टी के भी कटने के कानून को वह रोक तो नहीं सकता था। इसीलिए तो वह इतनी जल्दी यहां पहुंच गया था। फिर उसके पिता का यह स्वभाव भी तो था तो साढ़े दस बजे की रेल पकड़ने सात बजे ही दिल्ली रेलवे स्टेशन पर खड़े होने पर भी बेहद देरी का एहसास कर उसे डांट रहे थे कि तुम दिल्ली वालों की लापरवाही का तो भगवान ही मालिक। योजनाएं तो बना डालो आने वाले पचासों सालों की। मगर खबर यह नहीं कि दस मील स्टेशन पहुंचने में ही, बस के कारण तीन घंटे लगें या चार। इतने से पहले तो मैं पहले ही। तभी तो वे पांच बजे ही सरोजिनी नगर से चल पड़े थे, जब कि आज वे तीन बजे ही गांव से चले थे। शायद उनका स्टेटिस्टिकल अंदाजा, गांव से चुंगी चौकी के तीन मील ही होने के कारण अनुमानतः एक ही था।

अब किशोर के पिता ने एक और बीड़ी सुलगा ली। इस बार उन्होंने दमदा की ओर बीड़ी नहीं बढ़ायी। शायद उन्हें यह विश्वास था कि उन्हें अभी बीड़ी की जरूरत नहीं है। इतना ही नहीं, वे दमदा की उपेक्षा में करते टौल मुहर्रिर को केवल टकटकी बांधे देख रहे थे। किशोर ने भी देखा उधर को ही ओर। मगर इस पर चौकी के अंदर जलते लैंप ने उसे

पिछली रात की उस लौ की याद करायी, जिसे वह रात भर देखता रहा था। हालांकि पहाड़ी इस धरती पर, किसी भी ऊंची पहाड़ी पर से एसी अनेक नैसर्गिक लौओं को रात में देखा जा सकता था, पर उस लौ का विशेष ही महत्त्व था। एक तो दायित्वों की अपनी सिकुड़न व पिता के दायित्वों के फैलाव के बीच तब किशोर घुटन अनुभव कर रहा था। दूसरा वह तो सारी रात भर जलती रही थी। पता नहीं मगभीर के लग्गा के बीच उस घर में किसी की शादी थी या किसी के उठावनी की मातमी या चीथड़ों व चीथड़ियों के अभाव में इधर महज सुलभ प्राकृत लकड़ियों का वह प्रतिफल था। तब करीब एक बजे उसके मन में भी तो उठे थे ये ही विचार—जिनके कारण उसे यहां कुछ राहत-सी मिली थी। वहीं, उसे याद हो आयी थी उस मौलि लोहार की काली कलूटी अधनंगन सूरत, जिसके बारे में उसने सुना था कि बिस्तर व कपड़ों के अभाव में सारी सर्दियां भर उसके घर सारी रात धूनी ही जली रहती है जिसकी याद के कारण इस बार उसने झटके के साथ आग सेंकते दमदा को देखना भी चाहा पर उसकी आंखें पिता पर टिकी ही रह गयी। इस बार भी उसे ऐसा लगने लगा जैसे उसके दायित्वों की सिकुड़न की भट्ट उसके पिता इस समय भी वैसे पीटने को उतारू हो आये हैं जैसे कल रात

रात तब किशोर व उसके पिता में हो आये वाद विवाद के कारण दमदा ही थे। दमदा उसका सामान चालमारी मोड़ तक पहुंचाने की मजदूरी और पांच रुपये कर्ज मांग रहे थे। ताकि वह चिलिपानी में ठाकुरदत्त की दुकान में आये कटाल के खद्दर को खरीद सकें। पर उसके पिता थे कि उसे खद्दर दिला देने की पूरी जिम्मेदारी लेते हुए बार-बार काम करने के बाद ही देने पर अड़े हुए थे। जब कि दमदा इसके बावजूद कहे जा रहे थे, काका मेरी बात होती तो कोई बात नहीं थी। आप लोगों के फटे-पुराने कपड़े ही पहन लेता। पर अभागी बहन के बच्चों के लिए दो वर्षों से नये कपड़े नहीं बना सका। पुराने कपड़ों से ही काम चलाया। पर अब जीतू बड़ा हो गया है। पता नहीं किसने उससे क्या कह दिया कि पिछले तीन दिन से नये कपड़ों की जिद क्या करने लगा कि पुशली ने तो सुबह से

खाना तक   क्या तुम्हारे भरोसे ही पल रहे हैं। पर कट्रोल के कपडे का क्या पता कि, तुम्हारे गनीखेत से लौटने तक   वैसे भी इसका भरोसा नहीं कि सुबह दुकान खुलने तक वह रह भी पाये या

मगर किशोर के पिता थे कि आज पिघल नहीं रहे थे। हालांकि उनके बारे में यह प्रसिद्ध था कि मौके पर उन्होंने गांव के इलाके भर के हर आदमी की मदद की। अपने पास न होने पर भी दूसरों से लेकर, बिना एक पैसा ब्याज लिये, उन्होंने लोगों का काम किया। पर इस बार दमदा को खद्दर दिलाने का आश्वासन तो वे अवश्य दे रहे थे मगर पैसा नहीं। जो न तो किशोर को ही अच्छा लगा और न उसकी मां को ही। यही तो कारण था कि मां के कहने पर किशोर ने दमदा की ओर जो हाथ क्या बढाये थे कि बस उसके पिता तो उस पर फूट से ही पड़े, किशोर तुमने मेरे जीते जी मुझ से आगे बढ़ने की यह हिम्मत कैसे की?'

'पिता जी   इससे अधिक कुछ कहने की वह हिम्मत नहीं कर पाया। करता भी कैसे? क्योंकि एक तो वह उनके क्रोध से परिचित था। उन्हें पहले तो बड़ी-बड़ी बातों पर भी गुस्सा नहीं आता है और यदि आ जाता है तो फिर वे अपने ही हो जाते हैं। और दूसरा वह जहां क्रोध में लाल-पीले हो आये थे वहीं, बोल ही चले जा रहे थे 'किशोर! अगर तुम्हारे इस दुस्साहस में भलाई वाला अंश नहीं होता तो मैं तुम्हें इस समय [illegible] ही पीट देता जैसे   । तुम अभी बच्चे हो। दुनियादारी का तुम्हें अभी [illegible] भी पता नहीं। और न इस मूर्ख दमुआ को परिस्थिति का पता है। [illegible] पैसे देने का लाभ भी क्या? लाभ इसलिए नहीं कि, [illegible] जैसा कोई अवगुण है बल्कि इसलिए कि ठकुरिया की [illegible] के कपड़े की लाइन में इसका खड़ा होना, गुमानसिंह [illegible] पास वह पैसे रहने देगा? एक तो इसने [illegible] उधार देना है। दूसरा यदि यह [illegible] बरसों का पुराना व रही [illegible] बगल में ही है। किशोर [illegible] पहले एक दिन ठकुरिया, [illegible] और, गुमानिया ने [illegible]

हालांकि इस बात को सुन मुझे इतना सदमा पहुंचा कि इसने वे ही सोलह रुपए गुमानिया में गंवा दिए। बाद में मैंने उससे कहा था कि पचीस-तीस रुपए माहवार इसे जो भी चीज चाहिए दे देना। पहले तो यही दे देगा और यदि न दे सके तो मुझसे ले लेना। पर उसका मुझे जरा भी भरोसा '

तब किशोर व उसकी मां को समझ में आया था कि ये उस पर क्या नहीं पकड़ा रहे थे। वे तो अलग स्वयं दमदा तक समय चुके थे। दमदा को तो तब वे क्षण याद हो आए थे—जब वे उस दिन बेहद उदास से अपने चाव में बैठे यह सोच रहे थे कि अब वह बहन को मुंह किस तरह दिखायेगा। क्योंकि उन सोलह रुपयों में ग्यारह तो उसी के थे। तभी सामने एकाएक किशोर के पिता को आया देख व उनके हाथ में ठीक एक धोती व पांच गज खद्दर देख वे जहां भौचक्के रह गए थे वहीं वे उनके पांवों में गिर पड़े थे। भला गरीब दुनिया में कभी अकेला रहा है।

मगर अब इस समझ का क्या लाभ? अब तो वे किशोर का डांट-फटकारते ही चले आ रहे थे इसकी ओर आठ रुपए बढ़ाने को तो बड़े तैयार हो। एक अपनी बहन के लिए मन पसंद बनियान पंद्रह दिन से नहीं खरीद सके। यह तो बहुत आगे की बात है तुमसे तो अपने ही बच्चों के लिए स्वेटर नहीं बन पाते। पिछले बरस देहली आया तो देखा—तीनों में से एक के भी पास न तो इधर उधर जाने के लिए अच्छे कपड़े थे और न स्वेटर ही। पूरे साढ़े चार सौ खर्च कर बनवा आया था मैं। बस तुम सरकारी दफ्तर में असिस्टेंट हुए। आगे लगे तुम्हारी असिस्टेंटी का। जरा मेरी ओर देखो, तीन भाइयों सहित पांच तुमको, जिसने जितना पढ़ा, पढ़ाया शादियां कर तुम लोगों को आदमी ही नहीं बनवाया बच दानों का जब भी पड़ा रहा है। और एक '

तब मां के बीच-बचाव करने पर ही वह चुप हुए थे। पर चुप होते समय तो वे किशोर व दादियों के सिकुड़न की मद पीटने के बीच यहां तक कह गए तुमसे तो दमुआ ही भला, कम-से-कम अपनी बेसहारा बाल-विधवा बहन व उसके दो बच्चों को पाल तो रहा है। इसके अधपगलेपन के कारण पहले इसकी शादी नहीं हुई। तब बाद में ही इस लड़की देने को

तैयार नहीं था, पर अब उसे कई लड़की देने को तैयार है। मगर वह कि अब तयार नही। कहता है, "बहन व उनके बच्चे। एक तुम हो तुम तो क्या तुम्हारे जमाने के सभी लोग जो पैसों के कारण पिता को पिता, माता को माता तथा बहन को बहन भी मानने को तयार नहीं। अपना पेट तो कुत्ता भी "

तब तब उसका माथा झनझना ही नहीं उठा था, बल्कि उसे तो यहा तक लगने लगा था कि जैसे वह कैशियर से तनखा लेता रहा है पर मकान के किराए, नून-तेल आदि के बिल की कल्पना कर सोचता-सोचता जला जा रहा है *पिछले महीने तो बच्चा के कपड़े व स्वेटर नहीं बना पाया।* इस बार देने वालों को दे या इतना याद आना था कि उसे यहा तक लगने लगा कि उसके पिता व दमदा तो अलग, उनके ही जैसे दुनिया भर के लोग उसकी स्थिति देख खिलखिलाकर एक ओर तो हंस रहे हैं। दूसरी ओर वह स्वय सोच की एक ऐसी स्थिति में पहुच गया है कि जैसे किसी एक महामारी ने उसके हाथ-पाव, नाक-कान मुह आदि सब ही को निष्क्रिय-सा कर दिया है। केवल उसका दिमाग और उसकी आखें ही क्रियाशील हैं। दिल दिल भी ऐसा, जो अन्य अगो की निष्क्रियता से दुखी तो है मगर रो तक नहीं पा रहा है। दिमाग के बीच माता पिता, भाई-बहन आदि सभी की ऐसी तड़फ व छटपटाहट कि उस तड़प व छट-पटाहट की वजह से अर्ध विक्षिप्तता का एहसास तो कर रहा है मगर विवशतावश उस की नकारने के कारण वह अपने स्वय के अस्तित्व के प्रति सब चिंतित है। और आखें जो घने अधेरे के बावजूद अदर बाहर कमर में नटी बहन अचला के चेहरे पर व्यक्त होते घने जा रहे भाव व भला विचारों को साफ देख तो रहा है। मगर उसके चेहरे पर बढ़ते उतरते भावों का अर्थ, अपनी कल्पनाशीलता के बल पर गढ़ रहा है कि वह लगातार यही कही चला जा रही है—भैया, तुम मेरे स्वेटर की चिंता नहीं करना। नमिता, विभा व नीटू के लिए ड्रेस व स्वेटर जरूर बना देना। क्योंकि ड्रेस के अभाव में मैंने अपनी कई सहेलियों का मिटते देखा है। भैया

जब झुटपुटा दिन म वदल आया था। और तो और सुदूर उत्तर की ओर की वर्फीली पहाडिया तक साफ दिखने लगी थी। अब टौल मुहर्रिर ने भी चौकी क दरवाजे आधे खोल दिय थ। मगर न तो अब भी, किशोर क पिता ही उसम कुछ बोल रहे थे और न वह ही। शायद पिछली रात के वाकिये के कारण दोनो कुछ देर और पश्चाताप करना चाहते थे। तभी एकाएक दमदा उठे। हडबडाय से बोले "क्का, यह क्या? जल्दी करो बस

अब देहली वाली ही बस सामने खडी थी। दमदा उसम उसका सामान चढा चुके थे और वे दोनो इस बार की विदाई की आखिरी रस्म अदा करने के बावजूद केवल आखो-ही-आखो म बातें कर रहे थे कुछ-कुछ ऐसे जैसे

●●● डेलीवेजर

उसने घबराते घबराते कमरे में पांव रखा ही था कि हैरान रह गयी। सोलह-सत्रह आदमियों वाले सेक्शन में आज एक भी आदमी नहीं था? उसे संदेह हुआ कि कहीं आज छुट्टी तो नहीं? पर अपने कमरे के खुले होने से उसने अनुमान लगाया—नहीं, ऐसा नहीं यदि ऐसा होता तो दरवाजे खुलते ही नहीं? फिर एकाएक उसे एक खयाल आया—कहीं कोई महान नेता या कोई ऐसा बड़ा आदमी स्वर्ग को प्यारा तो नहीं हो आया, जिसके कारण दफ्तरों के बंद होने का ऐलान मजबूरन आकाशवाणी को करना पड़ा हो? मगर कमरे की एक एक सीट को देखते ही उसे लगा कि यह बात भी गलत है। सेक्शन आफीसर दासगुप्ता का अटैची-केस करीने से रैक पर रखा था। जुनेजा, भवरसिंह आदि कइयों के बैग हमेशा की तरह पड़े थे। लगभग कई मेजों पर खुली-अधखुली फाइलें प्रमाणित कर रही थी कि ऐसी बात जरा भी नहीं! बल्कि ये सब बातें तो मूक भाषा में कुछ ऐसा जतला रही थी, जैसे कमरे के सारे-के-सारे लोग कहीं इधर उधर गये हैं? हां प्रश्न यह था कि ऐसी क्या बात हो आयी जो सेक्शन के लोग एक साथ कैसे, क्या चले गये?

इन्हीं विचारों के बीच एक बार अस्मिता के मन में भी विचार आया कि अपना पर्स सीट पर रख वह स्वयं बाहर चली जाये! देखे—मामला क्या है? किंतु तभी उसे खयाल आया—वह डेलीवेजर है। फिर आज का दिन तो वह कांप उठी। घबराकर होठों ही-होठों में बुदबुदाती सीधे अपनी सीट की ओर जाते-जाते उसने सोचा—उसे वे सब सुविधाएं कहां जो औरों को उपलब्ध हैं!

बड़े कबूतर एक बच्चे कबूतर को उड़ना सिखाते, उसकी रक्षा करने में तत्पर थे। ऐसा उसने शायद इस बार नहीं, अनेक बार देखा था। मगर इस बार के देखने ने उसके मन मस्तिष्क को ही झकझोर डाला।

अब उसके लिए सीट पर बैठा रहना भी कठिन हो गया। सामने दो बड़े कबूतरों और बच्चे कबूतर ने उसे कमरे में अंदर बंद असहाय व बेबस अपने रोहित और भरत की याद ताजा करा दी। वैसे यह बात भी कदापि नहीं थी कि वह अपने दोनों बच्चों को आज ही कमरे में बंद करके आयी थी। ऐसा तो उसे पिछले तीन साल से हर रोज करना पड़ता था। उसकी पलकें डबडबा आयीं। एकाएक उसे ऐसे लगने लगा, जैसे उसकी जिंदगी परिंदों से भी बदतर है। परिंदे जब मर्जी दाना चुगने निकल सकते हैं जब मर्जी लौट आते हैं, जबकि उसे अपने आठ वर्षीय रोहित और पांच वर्षीय भरत को भगवान की रहम पर कमरे में ताला लगा छोड़ना पड़ता है। अड़ोसी-पड़ोसी भी तो तभी काम आते हैं, जबकि उन्हें भरोसा हो कि अगला भी कभी उनके काम आ सकता है। फिर उसका इतना वेतन भी नहीं था जो वह उन्हें उन शिशु-कक्षों में छोड़ सके जहां आज के जमाने में नौकरी-पेशा दंपति बच्चों को छोड़ अपनी-अपनी नौकरियों पर जाया करते हैं। उसका माथा झनझना उठा। पर तभी सामने रखी फाइलें देख उसे कुछ राहत-सी मिली। लगा, जैसे उसकी मेज पर टाईपिंग के लिए रखी फाइल नहीं, बल्कि प्रत्येक फाइल में दाने हैं, जिन्हें चुग चुगकर उसे जमा करना है। इतना सोचना ही था कि उसने बड़े ही जतन से तीन चार फाइलों को उठा लिया। फिर एक दो फाइलों को तो उसने अपने माथे पर चिपका-सा लिया। वह भी कुछ ऐसे जैसे कहना चाहती हो—परमात्मा, तूने मुझसे मेरे माथे का सुहाग भले ही छीन लिया, मगर ।

इसके बाद तो वह बिजली की-सी फुर्ती के साथ एक के बाद एक पत्र टाइप करने लगी। इसी जल्दबाजी में वह पांच पत्रों को टाइप कर गयी—मगर तब तक भी सेक्शन के लोग नहीं लौटे। औरों की अनुपस्थिति की बात किसी और दिन की होती तो शायद उसे थोड़ा बहुत अखरता। पर

आज उसने लिए यही बात सुखद थी। आज सहित न बुखार के कारण उसे दर हो गयी थी। उसे डाक्टर के पास जाना जो पडा था? साना की अनुपस्थिति के कारण ही उसका आज पन्द्रह-बीस मिनट बाद आना छिप गया था। वर्ना तो किसी के भी देर से आने पर, एक-दूसरे पर फब्तियां कसने में माहिर उसके साथी उसे भी छेड़ने में जरा चूकते नहीं, वहीं हाजिरी लगाने वाले बूढे दासगुप्ता की भाडी झल्लाहटें भी उसे सुननी पडती। साना की अनुपस्थिति का फायदा उठा उसने आज पहली बार रजिस्टर में समय भी सवा दस ही भर दिया था। यही बात थी कि अब वह पूरे मनोयोग से टिक टिक टाइप कुछ इस तरह करने लगी, जैसे उसने असल ही अपना की अनुपस्थिति को छिपाने का निश्चय कर डाला हो। जल्दी-जल्दी में वह आठ लेटर और टाइप कर चुकी। अलबत्ता रोहित भरत की याद आने पर वह थोडी कसमसाई थी। फिर अपनी असलियत की याद आने पर वह अपने नये माहौल में पूरी तरह डूब-सी गयी थी। यह बात थी कि वह एक एक कर दस पत्र टाइप कर गयी। हां ग्यारहवां टाइप कर रही थी कि एकाएक सेक्शन के सारे लोग आ धमके? उसे टाइप करते देख सेक्शन आफिसर दासगुप्ता झल्लाये, अरे तुम जरा देखो तो बाहर।'

—आज तो भाई हद हो गयी? सुबह ही-सुबह आई० सी० पी० की नयी बिल्डिंग से छलांग लगाकर एक डेलीवेजर ने आत्महत्या कर ली? जुनेजा का स्वर था।

—बेचारे को उस स्थिति में नौकरी से हटाया गया था, जबकि वह अभागा अपने पहले बच्चे के होने की खुशी भी मना नहीं पाया था। अजीब है यह दुनिया।—यह स्वर रावत का था।

—अब कैसे जीयेगी वह बेचारी अपने तीन दिन के बच्चे को छाती से चिपकाये?—मिस्टर मदान बोले।

—बेचारा सात साल से डेलीवेजर था।—जुनेजा का गला भर-सा आया था।

वैसे भी यह सारा समाचार इतना करुण था कि हृदय करुणा तक को दहला दे? फिर अस्मिता के लिए तो इसने एक नया ही संकेत दे डाला। उसे तीन दिन पहले के वे क्षण याद हो आये जब उसे एकाएक ही उस बड़े

अधिकारी न बुलाया—जिसके बारे में सारे दफ्तर म यह बात प्रचलित थी कि वह महिला कर्मचारियो का अपनी बदनीयती के कारण बुलाया करता है। पहले ता य बाते केवल कुछ को ही मालूम थी। पर आभा वाली घटना ने ता दफ्तर के सभी लोगा का उसकी हरकत से अवगत करा दिया था। उसने जहा उसके खिलाफ लिखकर शिकायत की थी, वही उसन यूनियन का साथ ले पूरे दस पद्रह दिन मेन गेट पर उसके खिलाफ नारे लगवा दिय थे। वह दूसरी बात थी कि बना बनाया कुछ नही। क्योकि एक दूसरे की मददगार अफसरशाही अपने एक साथी का अपमान कैसे सह पाती! हा, आभा वाली घटना का एक मनोवैज्ञानिक असर यह जरूर पडा कि बडे अधिकारी न महिला कर्मचारियो को बुलाना छोड दिया था। मगर वही बुलाना उसके लिए सिरदर्द बन आया। एक तो उसके 'कलीग' आखो के इशारे से अपने आपस म कुछ ऐसे इशारे करने लगे, जैसे कहना चाहते हो कि अब तक यह बडी सच्चरित्र बनी रहती थी देखें अब ! फिर दूसरे उन क्षणो की एक अजीब विडबना यह थी कि वह उन क्षणो मे अपने माथे के सुहाग के पुछने की चौथी वर्षगाठ के कारण जी भरकर रोना चाहती थी। ठीक ऐसे ही क्षणो म उसे बडे अधिकारी के पास अनिच्छा के बावजूद खडा होना पडा था। मजबूरी का नाम ही नौकरी है शायद! तब अफसर ने उसकी सारी स्थिति स जानकारी हासिल की थी। उसे स्थायी करने का आश्वासन दिया था। साथ ही मिलते रहने की सलाह देते समय उसे भूखी अधभूखी नजरो स घूरा था। तब वह अदर ही अदर इतनी अधिक काप उठी थी कि इसके बाद उसे इन दिनो अपने जिगर के टुकडे रोहित और भरत भार-स लगने लगे थे। ठीक ऐसी मन स्थिति के बीच अपने साथी की आत्महत्या वाली बात न उसे दहला दिया था। फिर इस समाचार न तो उसे यह सबक-सा भी दे डाला था कि यदि वह उस बडे अधिकारी स मिलती नही रहेगी तो ।

—अजीब जमाना आ गया है चपरासियो और क्लर्को की तो भरती बद। डेलीवेजरो की दफ्तरो म बाढ?—क्या ये स्वय मे एक एसी की-सी छटपटाहट थी—ऊपर की पोस्टो पर तो कोई पाबदी नही। पाबदी सिर्फ ।

—भाई, सरकारें तो बदलती आयीं मगर इन बेचारों का भाग्य नहीं बदला शायद।—चुहलबाजी में माहिर भवरसिंह बोला। पर इस बार उसके स्वर में अजीब-सी खीज थी—हैं हैं आठ आठ, नौ-नौ साल से डेलीवेजर के डेलीवेजर?

— डेलीवेजर शब्द का शाब्दिक अर्थ तो होता है वे मजदूर जो रोज की मजदूरी रोज वसूल कर जाते हैं—यह स्वर उस भीमदानी का था, जिसे लोग 'अनुवादक महोदय' कहकर चिढ़ाते थे। क्योंकि बेचारा वर्षों में पारिभाषिक शब्दावली रटते रटते अनुवादक नहीं बन पाया था?

—भाया बिनानी भीमदानी साहब मस्टड रोल का शाब्दिक अर्थ क्या होता है? चंडक के स्वर में 'यूनियनपन' था। फिर वह बोला—इसका अर्थ सरसों के तेल निकालने के तरीके से तो नहीं?

—भाई तुम्हारे साथियों के डर से तो निकालने वाले बेचारे आज दफ्तर में भाग गये। मगर अब हाय हाय' के नारों से वह तो जिंदा नहीं हो सकता—भला भवरसिंह अपनी चुहलबाजी की आदत से बाज कहां आता?

—क्या अस्मिता जी, आप भी तो बोलिए कुछ?—सेक्शन ऑफिसर दासगुप्ता के स्वर में कुछ ऐसे भाव थे, जैसे अस्मिता पर अपना प्रभाव जमाने का उचित अवसर इस समय वह गंवाना नहीं चाहता हो—यह तो आपके लिए जातीय मामला है?

मगर अस्मिता बोले तो बोले क्या? वह तो इस बीच अपनी वास्तविक अस्मिता को पहचानने की उधेड़बुन में पूरी तरह खो चुकी थी। वह तो अपनी असलियत बहुत पहले से जानने के कारण उससे जूझने लगी थी। राजीव से कोर्ट मैरिज करने के साथ ही दोनों के ही माता पिता उनसे नाराज हो गये थे। अपने दुर्भाग्य के कारण शादी के सात-आठ साल बाद ही अचानक उसके माथे का सुहाग पुंछ आया था। तब एक दो लोगों ने तो उस पर उसी क्षण से डोरे डालने शुरू कर दिये थे, जब राजीव की अर्थी सज रही थी। फिर वह धीरे धीरे यह भी अच्छी तरह अनुभव करने लगी थी कि अपनी अस्मिता को बचाने के लिए उसे पग-पग पर कितना जूझना पड़ रहा है। बल्कि अब तो पग-पग पर आने वाली कठिनाइयों से तंग आ वह

स्वय एसे माथी को खोज रही थी जो उमके शरीर के दो टुकडा को भी छाती से लगा ले जबकि परिवेश उसे ना निगल जाना चाहता था, मगर उमके बच्चो से हर हद तक परहेज चाहता था।

य ही बाते थी कि उसे मजबूरन ही सही, नौकरी करनी पड रही थी। क्योकि इसके बल पर वह अपने बच्चो के जीवन को सभालने का सपना जहा मजा पा रही थी, वही अपने नये साथी की खोज म वय करत पा रही थी। यह दूसरी बात थी कि जामनगर हाउस के पुराने हटमेंटो से सामने दिखने वाले आई० सी० पी० के नये भवन को देख वह कई बार कसमसा उठती थी। हमेशा केवल यही सोचती—क्या सामने की यह बिल्डिंग उन जसो के लिए ही है जो अच्छे खासे किस्म के पूंजी जमा के फल गोली म लिये पैदा होत ह या उन-जैसो के लिए भी—जिनके बच्चो को पढने की उम्र मे या तो कडकती धूप के बिना पेड की छाया मे ही अपनी मजदूरिन मा को देख सतोष करना पडता है या फिर दो जून पेट भरने के लिए मा-बाप का हाथ जुटाना पडता है। पर आज तो उसे उधर देखने की कल्पना भर से घबराहट हो आ रही थी। सेक्शन के लोग उमे बलात बहम मे घसीटना चाहते थे। मगर वह चुप थी। हा, मन-ही-मन सोच रही थी कि कह—चिंता न करो। बहुत जल्दी अब ऐसा समय आने वाला है, जब प्राइवेट फर्मों म तो होग रेगुलर रोल पर आदमी सरकारी दफ्तरो म नीचे होग सिर्फ डेलीवेजर। क्योकि दिन पर दिन हो रहे विकास के कारण ऊपर वालो के बच्चो की तादाद अब इतनी अधिक हो गयी ह कि उन्हे ही खपाना कठिन हो रहा है। इसीलिए य नयी-नयी स्कीम या तरकीबें चालू की जा रही ह। पर वह फिर भी बोल कुछ भी नही पायी। केवल फटी फटी आखो से देखती रही सेक्शन को। एकाएक उसकी आखे टाइप-राइटर पर चढे डी० ओ० फाम पर सिमट आयी। डी० ओ० फाम पर अशोक चिह्न के नीचे छपे 'सत्यमेव जयते' को देख उसने कुछ राहत की-सी सास ली। तभी एकाएक उसे लगा, जसे उस चिह्न के नीचे लाखो-करोडो लोग श्रद्धानत खडे हैं। उनके अग प्रत्यग म कुछ एसा विश्वास है कि जैसे व सोच रहे हो—जब एक बार इस चिह्न को साक्षी कर हमने

—भाई, सरकारें तो बदलती आयीं मगर इन बेचारों का भाग्य नहीं बदला शायद ।—चुहलबाजी में माहिर भंवरसिंह बोला। पर इस बार उसके स्वर में अजीब-सी चीज थी—हूँ ह आठ आठ नौ-नौ साल से डेलीवेजर के डेलीवेजर!

